## विभाग : A

प्रश्न : **1 (A)** प्रश्नों के उत्तर के लिए उचित विकल्प चुनकर विकल्प का क्रम ☐ लिखिए।

(1) जीवन में उन्नति करने के लिए ..................... आवश्यक है।
(A) परिवार (B) सहारा (C) शिक्षा (D) परीक्षा

(2) बेटी .................... का चाँद बनेगी।
(A) परिवार (B) समाज (C) पाठशाला (D) धरती

(3) बेटी तितली बनकर किसे चूमना चाहती है?
(A) पुष्प (B) हवा (C) सुधा (D) होठ

(4) बेटी क्या बनकर सहारा बनने की चाहत रखती है?
(A) चाँद (B) सुरज (C) बादल (D) तारा

(5) नरेन्द्रने शिवलिंग कितने रुपए में खरीदा था?
(A) दो रुपए में (B) ढाई रुपए में (C) तीन रुपए में (D) सोढ तीन रुपए में

(6) न्यू इंग्लिश हाईस्कूल कहाँ है?
(A) बडोदा में (B) मुंबई में (C) पूना में (D) सतारा में

(7) हजरत अली को क्या कहलाना पसंद न था?
(A) कामचोर (B) आदमखोर (C) नमकहराम (D) हरामखोर

(8) समारोह के मुख्य अतिथि कौन थे?
(A) गोपालकृष्ण गोखले (B) स्वामी विवेकानंद (C) महादेव गोविंद रानडे (D) हजरत अली

(9) कुएँ के चारो ओर बनी ऊँची भूमि को क्या कहते है?
(A) जगत (B) टेकरी (C) षायडी (D) बैठक

(10) देवताओं के गुरु कौन है?
(A) नारद (B) वावस्पति (C) वनस्पति (D) बृहस्पति

(11) विद्या की देवी कौन है?
(A) महाकाली (B) महालक्ष्मी (C) सरस्वती (D) दुर्गादेवी

(12) 'प्रकृति' शब्द का अर्थ है?
(A) अभाव (B) स्वभाव (C) प्रभाव (D) लगाव

(13) नगरपालिका कया नही उठाती?
(A) भंगार (B) मैला (C) कचरा (D) गाडी

(14) हमारे देश की व्यवस्था को सुधारेगा कौन?
(A) हम (B) अमलदार (C) सरकार (D) जमीनदार

(15) रेलवे कया बन गई है?
(A) मजबूर (B) देवादार (C) मजाक (D) बवंडर

(16) हमारे कानुन कैसे पड गए?
(A) फीके (B) नीले (C) पुराने (D) कमजोर

(17) मनुष्य की आत्मा में कौन बसा है?
(A) शंकर (B) स्वयं भगवान (C) कृष्ण (D) राम

प्रश्न : 1 (B) रिक्त स्थानों की पूर्ति किजीए।

(उजियारा, सहारा, चवन्नी, अतिथि, चाव, बेटो, आश्चर्य, मंजिंल, दहेज, तांडव, नभ, वीरता, मृत्युदंड, मूर्गी, घोडे, तुलसी, जादु)

१. तारा बनूँगी ............... बनूँगी। २. धरती पर चमकूँगी, में ............... करुगी।

३. समारोह के मुख्य ............... थे मुख्य न्यायधीश महादेव गोविंद रानडे।

४. अब उसके पास एक ............... बची थी।

५. बातचीत करते-करते बात ............... पर जा पहुँची।

६. लोग बडे ............... से उसकी गीत सुनते है।

७. तीनों औरते बडे ही ............... से चौथी स्त्री के बेटे को देखती रही।

८. ड्रोईगरुम में बैठकर हम ............... के खिलाफ गला फाठते है।

९. चिट्ठी अपनी ............... तक नही पहूँचती।

१०. मनुष्य की उडान ............... से भी उँची है।

११. मनुष्य की भृकुटि में ............... है। १२. शिवाजी बालक की ............... पर मुग्ध है।

१३. शिवाजी मालबजी को ............... से मुक्त करते है।

१४. मुर्गी ने सारे दानें ............... को दे दिए।

१५. कौआ वापस आया तब ............... चक्की के पीछे छिप गई।

१६. एक आदमी ने आपको ............... का खेल देखने का अनुरोध किया.

१७. सेजल ने गमलों में ............... के पौधे लगाए।

१८. हम सरकार चूनने के लिए ................. डालने जाते है।

१९. मनुष्य बडा ................. है।

२०. बिल्ली ने दाना ................ मैं डाला।

प्रश्न : 1 (C) निम्नलिखित विधान के सामने सही (√)और गलत का(×) चिहन कीजिए।

१. बेटी आकाश में चमकना चाहती है।

२. बेटी हवा को चुमकर नाचना और गाना चाहती है।

३. न्यु इंग्लिश हाईस्कुल में समारोह का आयोजन हुआ था।

४. नरेन्द्र ने एक शिवलिंग खरीदा।

५. चौथी स्त्री का बेटा बृहस्पति जैसा बुद्धिमान था।

६. एक बृद्ध महिला चारो स्त्रियों के पीछे चल रही थी।

७. अब्दुल कलाम ने देश के नाम संदेश लिखा।

८. हम अपनी सरकार को श्रेष्ठ समजते है।

९. मनुष्य धरती की शान है।

१०. मनुष्य धरती जैसा वीर है।

११. शिवाजी के हदय में बालक के प्रति प्रेम उमड रहा है।

१२. मालवजी अपनी बहन को मिलने जाना चाहता है।

१३. कौआ और मुर्गी अलग-अलग घर में रहते थे।

१४. मुर्गी के मुह मे दानें देखकर कौआ बहुत क्रोधित हुआ।

१५. जादुगरने आपको करामती जूते दिए।

१६. आप सपने में चलते-चलते जंगल में पहूँच गए।

(18) मनुष्य की मुट्ठियों में क्या बंद है?

(A) मिट्टी (B) अमृत (C) सागर (D) तुफान

(19) मनुष्य का भाल कैसा है?

(A) विध्यंगिरी जैसा (B) हिमगिरी जैसा (C) मलयगिरी जैसा (D) निलगिरी जैसा

(20) मनुष्य चाहे तो माटी से क्या निचोड सकता है?

(A) मध (B) प्राण (C) अमृत (D) पानी

(21) मालवजी के मत से मनुष्य इस संसार में क्या सहन नहीं कर सकता?

(A) मानहानि (B) पेट की भूख (C) उवालभ (D) तिरस्कार

(22) शिवाजी मालवजी के साथ क्या करना चाहते है?

(A) सेना में भरती करना चाहते थे। (B) मंत्री बनाना चाहते थे।

(C) द्वारपाल चाहते थे (D) अंगरक्षक बनाना चाहते थे।

(23) मालवजी के पिता शिवाजी की सेना में क्या थे ?

(A) महारथी। (B) सारथी (C) सिपाही। (D) सेनापति।

(24) मालवजी के पिता ने देश रक्षा के लिए क्या किया ?

(A) शस्त्र बनवायu (B) राजा की सेवा की (C) अन्नदान दिया (D) अपनेह प्राण न्योछावर किए।

(25) कौआ और मूर्गी कहाँ रहते थे ?

(A) बील में (B) पेड पर (C) घर में (D) महेल में

(26) कौआ एक दिन क्या लेने जाता है ?

(A) पानी (B) चावल (C) आटा (D) गेहूँ

(27) कौआ जब घर पर नही था तब घर पर कौन आया था ?

(A) चुहा (B) बिल्ली (C) घोडा (D) मूर्गी

(28) बिल्ली मूर्गी से क्या लेने आाई है ?

(A) दाने (B) चक्की (C) पानी (D) दूध

(29) राजू ने पिन्टु को क्या कहा था ?

(A) बंदर (B) हाथी (C) गधा (D) हिपोपोटेमस

(30) याद रखने के एक हजार तरीके नामक किताब पति कितनी बार खरीदकर लाया था ?

(A) पार्चवी बार (B) सातवी बार (C) दसवी बार (D) आठवी बार

(31) सुरेश कौन सा वाहन चला रहा था ?

(A) कार (B) बस (C) साईकिल (D) बाईक

(32) सुशील के पिताजी सारी तीलियाँ गिनते है , क्योकि कही कोई तीली.... न हो ?

(A) ज्यादा (B) खराब (C) कम (D) टूटी

(33) भावेशभाई क्या है ?

(A) वकील (B) किसान (C) सैनिक (D) डोकटर

(34) भावेशभाई दीपावली की छुट्टियों में कहाँ गए थे ?

(A) गब्बर (B) सोमनाथ (C) आबु (D) अंबाजी

(35) परेशभाई की पत्नी का नाम क्या है ?

(A) लीना (B) हीरल (C) मीना (D) सेजल

(36) हीरल क्या व्यवसाय करती थी ?

(A) लेखिका (B) समाज सेविका (C) नर्स (D) अध्यापिक

## विभाग : B

प्रश्न : 2 (A) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

(1) मुग्ध (2) जननी (3) आंख
(4) बुद्धि (5) मित्र (6) धरती

प्रश्न : 2 (B) निम्नलिखित शब्दों के विलोम (विरोधी) शब्द लिखिए ।

(1) अम्बर (2) गाँव (3) सफल
(4) उचित (5) सरल (6) प्रारंभ

प्रश्न : 2 (C) निम्नलिखित शब्दो के शब्द कोश के क्रम में रखकर फिर से लिखिए ।

(1) वरदान, नयन, तूफान, क्षति, आईना, शीश
(2) खरगोश, शिकार, अंत, चरवाह, दौंड, पेड, सचमुच, किताब

प्रश्न : 2 (D) निम्नलिखित शब्दो के लिंग परिवर्तन कीजिए ।

(1) लडके (2) हिरन (3) घोडी
(4) मोर (5) शेर (6) हाथी

प्रश्न : 2 (E) निम्नलिखित शब्दो के वचनपरिवर्तन कीजिए ।

(1) घोडा (2) बच्चे (3) लता
(4) मैं (5) खिलौना (6) खेत

प्रश्न : 2 (F) निचे दिए गए विशेषण शब्दों को रेखाकिंत कर उसका प्रकार बताइए ।

(1) दो मीटर कपडा दीजिए
(2) मीना ने एक किलो हल्दी ली ।
(3) मुझे कोई किताब दे दीजिए ।
(4) कुछ लडकियों बगीचे में खेल रही है ।
(5) परिश्रमी छात्र कभी असफल नही होते ।
(6) राम ने पार्चं मीटर कपडा खरीदा

...अथवा...

प्रश्न : 2 (F) निम्नलिखित वाक्य के काल बताइए ।

(1) बाग में कोयल बोलती है ।
(2) धारा ने अपना गृहकार्य पूर्ण किया ।
(3) मै पूरी लगन से पढूँगा ।
(4) मिट्टी से खुशबु आ रही है ।
(5) बाढ के कारण कई मकान गिर पडे ।
(6) मैं डोकटर बनुँगा ।

प्रश्न : 2 (G) निम्नलिखित शब्दो को उचित क्रम मे रखकर अर्थपूण वाकय बनाइए ।

(1) है का गुजरात पावागढ गौरव ।
(2) उपयोगी पेड मैं मानव-जीवन है ।
(3) चाहिए समय हमें खेलते रहता सावधान ।
(4) कया तुम्हारे फिर मन में बात थी ।
(5) प्राण न्योछावर अपने देश की लिए रक्षा के उन्होने कर दिए ।
(6) बात सत्य है जो अवश्य बता मैं दूँगा ।

प्रश्न : 2 (H) निम्नलिखित शब्दो के अर्थ लिखकर वाकय में प्रयोग कीजिए ।

(1) भारत (2) दहेज (3) उजियारा
(4) महेनत (5) आकाश (6) बेटी

...अथवा...

प्रश्न : 2 (H) निम्नलिखित कहावतो के अर्थ लिखिए ।

(1) छोटा मुँह बडी बात ।
(2) दूर के ढोल सुहावने
(3) दोनो हाथोो मैं लड्डू ।
(4) चाँद पर थूका मुँह पर गिरा ।
(5) साँप भी मरे लाठी भी न टूटे ।
(6) खोदा पहाड निकला चूहा ।

प्रश्न : 2 (I) निम्नलिखित प्रश्नों के उतर एक-एक वाकयों में लिखिए

(1) बेटी हवा को चुमकर कया कया करना चाहती है ?
(2) बेटी पठ-लिखकर किस का सहारा बनना चाहती है ?
(3) शिवलिंग खरीदने के बाद नरेन्द्र के पास कितने पैसे बचे थे ?

(4) सचिन तेंडुलकर किस टीम का कप्तान था ?
(5) किसके कंठ मे साक्षत सरस्वती विराजमान थी ?
(6) वृद्ध महीला ने किसे सच्चा हीरा कहा ?
(7) पत्र किसने किसको लिखा था ?
(8) दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा कहाँ पर है ?
(9) मनुष्य को क्या वरदान मिला है ?
(10) धरती की शान काव्य के कवि कौन है ?
(11) मृत्युदंड के पहले मालवजी ने कौन-सी भीख माँगी ?
(12) बालक मालवजी किसका भकत है ?
(13) मुर्गी के मुँह से सारे दाने कैसे निकल पडे ?
(14) कौए के बहार जाने पर घर मैं कौन आया और उसने क्या किया ?
(15) पिन्टु ने हिपोपेटेमस को कहाँ देखा ?
(16) सुशील के पिताजी माचिस कैसे खरीदते है ?
(17) एकस्ट्रा बसें कब जाएँगी ?
(18) काले रंग से लिखित रुट का क्या मतलब है ?
(19) भावेशभाई के पुत्र और पत्नी का नाम क्या था ?
(20) बडा जहाज आपको कहाँ ले जानेवाला है ?

## विभाग:- C

प्रश्न : **3 (A)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाकयों में लिखिए।
(1) बेटी सहारा बनने के लिए क्या क्या करेंगी?
(2) बेटी की क्या-क्या तमन्नाएँ है ?
(3) लोगों की बात सुनकर नरेन्द्र ने क्या कहा ?
(4) हमें सफलता पाने के लिए क्या करना चाहिए ?
(5) चौथीं स्त्री ने अपने बेटे का परिचय कैसे दीया ?
(6) पहली स्त्रीने ने अपने बेटे की प्रशंसा कैसे की ?
(7) डो. कलाम ने ई-मेल से हमे क्या सीख दी है ?
(8) हमारे देश की व्यवस्था को हम कैसे सुधार सकते है ?
(9) मनुष्य युग का आह्‌वान कैसे कर सकता है ?
(10) मनुष्य यदि हिम्मत से काम ले तो क्या हो सकता है ?
(11) मालवजी शिवाजी का वध करने के लिए क्यों तैयार हो गया ?
(12) शिवाजी मालवजी को सेना मे क्यों भर्ती करना चाहते है ?
(13) बिल्ली चकित क्यों हो गई ?
(14) आपको टी.वी. का कौन-सा कार्यक्रम सबसे ज्यादा पसंद है ? क्यों ?
(15) हमें आयोडीन युकत नमक खाना चाहिए ? क्यों ?
(16) भावेशभाई ने घर वापस आकर क्या देखा ?
(17) आपको रास्ते में मिलनेवाला आदमी कौन था और उसने आप से क्या अनुरोध किया ?
प्रश्न : **3 (B)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सविस्तार से लिखिए।
(1) आप बडे होकर क्या बनना चाहते है ? क्यों ?
(2) आप जीवन में क्या करना चाहते है ?
(3) कौच मैनेजर और साथी खिलाडी क्यों दंग रह गए ?
(4) राज-काज का काम कैसे अच्छी तरह से चल सकता है ?

(5) चौथी स्त्री का बेटा सचमुच हीरा था ? क्यों ?
(6) दुसरी स्त्रीने अपने बेटे की तारीफ में क्या कहा ?
(7) हमारे देश के प्रति हमारा क्या फर्ज है ?
(8) दुसरे देशो में और हमारे देश में हम जो व्यवहार करते है, उसमे क्या अंतर है ?
(9) मनुष्यो अन्य जीवो से कैसे महान है ?
(10) मनुष्य क्या-क्या कर सकता है ?
(11) मालवजी के घर की हालत कैसी थी ?
(12) मालवजी के अपराध को क्षमा करके शिवाजी मालवजी से क्या कहते है?
(13) एक आदर्श उपभोकता के रुप में हमारा हक एवं फर्ज क्या है ?
(14) हम कोई वस्तु खरीदते है तो उसका बील क्यों लेना चाहिए ?
(15) करामती चश्मे पहनकर आप कहाँ-कहाँ जाएँगे और क्या-क्या करेंगे ?
(16) आप के हाथों की जगह यदि सच में पंख लग जाए तो आप कहाँ-कहा जाएँगें और क्या-क्या देखेंगे ?

**प्रश्न : 3 (C)** निम्नलिखित काव्यपंक्तियों पूर्ण कीजिए.

(1) बेटी हूँ मैं ..........................
.....................................
.................... उजियारा करुँगी.

(2) फूल जैसी ..........................
.....................................
............... नाचूँगी गाऊँगी,

(3) ‘‘धरती की शान .............
...............................
............. बडा महान है ’’

(4) धरती सा धीर ..............
.............................
............. ऊँची उडान है ’’

## विभाग :- D

**प्रश्न : 4 (A)** निम्नलिखित काव्यपंक्तियों का भावार्थ स्पष्ठ किजिए ।

(1) गगन पे चमके चंदा मैं धरती पे चमकूँगी
धरती पर चमकूँगी, मे उजियारा करुँगी ...

(2) पढूँगी-लिखूँगी मै मेहनत करुँगी,
अपने पाँव चलकर मैं दुनिया को देखूँगी
दुनिया को देखूँगी मैं दुनिया को समझूँगी ।

**प्रश्न : 4 (B)** निम्नलिखित परिच्छेद का मातृभाषा में अनुवाद कीजिए

(1) किसीने स्वामी विवेकानंद से पूछा ‘‘ सब कुछ होने पर भी मनुष्य के पास क्या होना जरुरी है ?’’
स्वामी विवेकानंद ने कहा ‘‘ उस उम्मीद का होना जरुरी है, जिसके बलबूते पर हम खोया हुआ सब कुछ वापस ला सकते है ।

(2) सारी स्थिती स्पष्ट थी । प्रजापति ने कहा, ‘‘ देवता ही श्रेष्ठ है’’ ,जानते हो क्यों ? इसलिए कि इन्होने सहकार की भावना से काम किया है । खुद भी खाओ और दूसरो को भी खिलाओ । जिओ और जीने दो । वह थी इनकी

विशेषता। उन्होनें बुद्धि से काम लिया। सुझ-बुझ दिखाई। वे आमने सामने बैठ गए। एक-दूसरे के मुँह में लड्डु देते रहे, थोडी देर में थाल साफ कर दिया।

(3) पुत्र, जिस प्रकार तुम अपनी माता के दुःख से दुःखी होकर व्याकुल हो रहे हो, उसी प्रकार मैं भी दुःखी है, रात-दिन मैं इसी चिंता में रहता हूँ कि किस प्रकार भारतमाता का दुःख दूर करु।

महाराज, यह शरीर आपका है। आपने मुझे जीवन दान दिया है। मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि जब तक इस शरीर में जान है, में कभी मातृभूमि की सेवा से पीछे न हटूँगा।

प्रश्न : 4 (C) निम्नलिखित किसी एक विषय पर पत्र लेखन कीजिए।

(1) अपने विद्यालय में मनाए गए प्रजासताक दिन के बारे में जानकारी देता हुआ पत्र अपने मित्र को लिखिए।

(2) वृक्षारोपण का महत्व समझाते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

...अथवा...

प्रश्न : 4 (D) दिए गए ढांचे के आधार पर कहानी लिखिए।

(1) एक लक्कडहार - जंगल मैं नदी के किनारे पेड - लकडी कांटने की कुल्हाडी का पानी में गिरना - उदास हो जाना - देवदूत का आना - सोने की कुल्हाडी निकालना - यह मेरी नही - फिर चाँदी की कुल्हाडी निकालना - यह भी मेरी नही - फिर लोहे की कुल्हाडी निकालना - स्वीकार - लक्कडहारे की ईमानदारी पर देवदूत खुश - सौने और चाँदी की कुल्हाडी भी इनाम में देना - सीख।

(2) राजा का बीमार पडना - वैध की असफलता - किसी अनुभवी बूढे की सलाह - किसी सुखी मनुष्य का कूर्ती पहनो - राजा का कुर्ता खोजने जाना - महेनती किसान को देखना - सुख का राज समझना - सीख।

(3) एक चरवाहा - जंगल में बकरियाँ चराने जाना - एक बकरी का दूर चले जाना - भेडिए का आना - बकरी को खाने की इच्छा - बकरी को गाना गाने की इच्छा - में - में करना - आवाज सुनकर चरवाहे का लाठी लेकर आना - भेडिए का भाग जाना - बकरी की जान बचना - सीख।

(4) खरगोश और कछुआ - दोनो में दौड की शर्त लगना - खरगोश का आगे होना जाना - पेड के नीचे आराम करना - कछुए की धीमी गति - खरगोश की हार - सीख।

प्रश्न : 4 (C) निम्नलिखित किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(1) स्वामी विवेकानंद

(2) मेरा यादगार प्रवास

(3) मेरा प्रिय खेल

(4) छब्बीस जनवरी